# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को करेंगी संबोधित, यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगा।
- देशभर में आज मनाया जा रहा है 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बेहतर चुनाव प्रबंधन के लिए झारखंड के सीईओ के. रवि कुमार और पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति ने किया पुरस्कृत।
- झारखंड में भी मतदाता दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन, राज्यपाल आज चार जिलों के उपायुक्तों के अलावा कई पुलिस पदाधिकारियों और बीएलओ को करेंगे सम्मानित।
- भाजपा का 15 दिवसीय संविधान गौरव दिवस का आज होगा समापन, पार्टी नेता अमर बाउरी ने कहा– संविधान के प्रति कांग्रेस की साजिश से जनता को किया गया सचेत।
- हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में आज राउरकेला में होंगे दो मुकाबले, तमिलनाडु ड्रैगन्स का सामना टीम गोनासिका से और हैदराबाद तूफान्स का मुकाबला यूपी रूद्राज से होगा।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से इसका प्रसारण करेगा।

******************

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के संदेश के सीधे प्रसारण के कारण आज आकाशवाणी रांची से शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार शाम छह बजकर पैंतालीस मिनट पर ही प्रसारित किया जायेगा। जिले में आज कल का प्रसारण आज नहीं होगा।

******************

देशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल हुईं। इस आयोजन में विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों तथा प्रमुखों ने भी हिस्सा लिया। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रक्रिया पुरस्कार प्रदान किया। उत्कृष्ट निर्वाचन कार्यों के लिए पहली बार झारखंड को भी राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। झारखंड से यह पुरस्कार राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को दिया गया। जनरल कैटेगरी की श्रेणी में पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण है।

******************

झारखंड में भी मतदाता दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रांची के आर्यभट्ट सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य के लिए चार जिलों के उपायुक्त सहित कई पुलिस पदाधिकारियों और बीएलओ को पुरस्कृत करेंगे। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से –

******************

झारखंड में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी और उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले 100 से ज्यादा लोग नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। इनमें कोडरमा जिले की दो आंगनबाड़ी सेविकाएं कंचन देवी और कुमारी कनक रानी भी शामिल हैं।

चंदवारा प्रखंड के चौराही आंगनबाड़ी केंद्र कि सेविका कंचन देवी दिल्ली रवाना होने से पहले कहा कि बताया कि उन्हें 22 वर्षों की सेवा का ऐसा पुरस्कार मिला है, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना ही नहीं की थी।
साउंड बाइट – कंचन देवी 17 सेकेंड
वहीं दूसरी तरफ सतगावां प्रखंड के खाब टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका कुमारी कनक रानी ने कहा कि उन्हें अपने सेवा कार्यों की बदौलत राष्ट्रीय समारोह में शामिल होने का मौका मिल रहा है।

******************

गुमला जिले में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पीवीटीजी बहुल्य गांवों में चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इन गांवों में पेयजल की सुविधाओं को दुरुस्त करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

भाजपा के संविधान गौरव अभियान का आज समापन होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यक्रम के संयोजक अमर कुमार बाउरी ने आज रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि कल संविधान के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसे पूरे देश में मेरा संविधान–मेरा स्वाभिमान के रुप में मनाया जायेगा। श्री बाउरी ने संविधान गौरव अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके जरिये हम संविधान के प्रति कांग्रेस की साजिश से जनता को सचेत करने में सफल रहे हैं।

******************

खूंटी जिले में कई किसानों ने स्ट्रोबेरी की खेती कर अपने लिए आर्थिक सशक्तीकरण की राह तैयार की है।

******************

देवघर जिले के पथरड्डा ओपी क्षेत्र के अंबा नचनियां गांव में छापेमारी कर पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी और कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते थे। उनके पास से 10 मोबाइल और 15 सिम कार्ड समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

******************

हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में आज राउरकेला में दो मुकाबले होंगे। पहला मुकाबला शाम छह बजे से तमिलनाडु ड्रैगन्स और टीम गोनासिका के बीच होगा जबकि दूसरे मैच में रात सवा आठ बजे से हैदराबाद तूफान्स का सामना यूपी रूद्राज से होगा। इससे पहले कल रांची में पुरूष हॉकी लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने कलिंग लांसर्स को 5–3 से हराया। उधर महिला वर्ग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की टीम ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 4–2 से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

****************